तापमान
अधिकतम 35 .5 डिग्री
न्यूनतम 17 .6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार 6 मई 2026

12 प्रचार के आखिरी दौर में दलों ने ताकत झोंकी...

12 विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए सुधारात्मक...


## खबर संक्षेप

### 80 फीडरों पर गुल रही बिजली

**अंबाला।** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से करीब 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार चली हवा ने काफी नुकसान किया। 10 से अधिक पेड़ उखड़ गए। 80 फीडरों पर बिजली गुल हो गई। कई फीडरों पर तो एक से डेढ़ घंटे बाद बिजली सुचारू हो सकी। आंधी के बाद तेज बारिश से कुछ क्षेत्रों में जलभराव भी देखने को मिला। आंधी के दौरान काले बादल इस कदर छाए कि दिन निकलते ही अंधेरा छा गया। आंधी में लोगों का खड़े होना भी मुश्किल हो रहा था। लोगों के घरों की छत पर रखा सामान भी हवा में गिरता दिखाई दिया। बारिश के कारण दिन का तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया।

### एक किलो हेरोइन तस्करी में गिरफ्तारी

**अंबाला।** सीआईए-2 की टीम ने नशा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क पर चोट करते हुए 1 किलो हेरोइन मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सहायक उप-निरीक्षक राजेश कुमार व उनकी टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी राहुल कुमार को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि इसी मामले में 10 अप्रैल 2026 को मुख्य आरोपी आरीमन को 1 किलो हेरोइन सहित कविता विहार से गिरफ्तार किया था। जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस अब तक इस केस में कुल चार आरोपियों को पकड़ चुकी है। आरोपी राहुल को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



### ट्रैवलर वैन को झंडी दिखाकर किया रवाना

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र की ट्रैवलर वैन को जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल तथा सीजेएम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र नीतिका भारद्वाज द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सीजेएम डीएलएसए ने बताया कि यह ट्रैवलर वैन पूरे मई माह तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र में रहेगी। इस दौरान इस ट्रैवलर वैन में पैनल अधिवक्ता एवं पैरा लीगल वालंटियर्स जिले के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर आमजन को नालसा, हालसा की विभिन्न योजनाओं एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगे। ट्रैवलर वैन ने गांव ज्योतिसर, कैथल खुर्द एवं खिजरपुरा का दौरा किया, जहां पैनल अधिवक्ता नीलम रानी एवं पीएलवी पूनम द्वारा ग्रामीणों को जागरूक किया गया तथा कानूनी सहायता के साथ-साथ नालसा, हालसा की योजनाओं एवं अन्य सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचे और सचिव को सौंपा ज्ञापन

# अनाज मंडी में उठान व पेमेंट को लेकर आढ़तियों और किसानों का फूटा गुस्सा

आढ़तियों ने आरोप लगाया कि फूड एंड सप्लाई विभाग की कार्यप्रणाली से वे बेहद परेशान हैं। मंडी में करीब डेढ़ लाख कट्टा गेहूं पड़ा हुआ है लेकिन उठान नहीं हो रहा


तरावड़ी। मार्केट कमेटी कार्यालय में सचिव को ज्ञापन सौंपते हुए मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता व आढ़ती।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

तरावड़ी अनाज मंडी में गेहूं के उठान और भुगतान में देरी को लेकर मंगलवार को आढ़तियों और किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में आढ़ती मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचे और सचिव संजीव सचदेवा को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

आढ़तियों ने आरोप लगाया कि फूड एंड सप्लाई विभाग की कार्यप्रणाली से वे बेहद परेशान हैं। मंडी में करीब डेढ़ लाख कट्टा गेहूं पड़ा हुआ है, लेकिन उठान नहीं हो रहा। इसके चलते मंडी में जगह की भारी कमी हो गई है और ऊपर से मौसम भी खराब होने की आशंका बनी हुई है। अगर बारिश होती है तो गेहूं खराब होने का खतरा बढ़ जाएगा, जिससे किसानों और आढ़तियों दोनों को नुकसान उठाना पड़ेगा।

उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से 72 घंटे के भीतर भुगतान का प्रावधान है, लेकिन कई दिनों बाद भी किसानों के खातों में पैसे नहीं पहुंच रहे। भुगतान प्रक्रिया में होने की बात कही जा रही है, लेकिन धरातल पर भुगतान नहीं मिल रहा, जिससे किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।

#### प्रभावी कार्रवाई करने की मांग

मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता ने कहा कि मंडी की स्थिति बेहद गंभीर हो चुकी है। उठान में देरी और पेमेंट रुकने से आढ़ती और किसान दोनों परेशान हैं। अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो नुकसान बढ़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से तुरंत प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है।

#### जल्द गेहूं का करवाया जाए उठान

आढ़तियों ने कहा कि इस संबंध में पहले भी एसडीएम और एडीसी को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द गेहूं का उठान करवाया जाए और किसानों की लंबित पेमेंट तुरंत जारी की जाए।

#### प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई

ज्ञापन के दौरान मंडी में भारी संख्या में आढ़ती मौजूद रहे और उन्होंने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। इस मौके पर ब्रजमोहन गर्ग, दुर्गेश मित्तल, राजेश गर्ग, रामनिवास बंसल, रामकुमार शर्मा, सुरेश सिंगला, प्यारा लाल काठपाल तथा कृष्ण राणा पधाना सहित कई प्रमुख आढ़ती व व्यापारी मौजूद रहे।

### जान से मारने का प्रयास

# युवक पर गंडासी व डंडों से किया हमला

» दो आरोपी युवकों को नामजद करते हुए तीन अन्य के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गांव बाल छप्पर में रंजिश के चलते दो युवकों ने अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ मिलकर गांव के संदीप कुमार पर गंडासी व डंडों से हमला कर उसे जान से मारने का प्रयास किया। घायल संदीप कुमार का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपियों को नामजद करते हुए तीन अन्य के खिलाफ जान से मारने का प्रयास करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

बाल छप्पर निवासी संदीप कुमार ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले आर्यन व अभिषेक के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था मगर इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। संदीप कुमार ने बताया कि दो मई को वह गांव में ही किसी काम से जा रहा था। इस दौरान आर्यन व अभिषेक ने अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ मिलकर उसे रास्ते में रोक लिया और उस पर गंडासी व डंडों से हमला कर दिया।

#### अज्ञात ने युवक पर किया जानलेवा हमला

आजाद नगर गली नंबर छह निवासी प्रवीन कुमार ने बताया कि वह ऑटो चलाता है। रात करीब साढ़े 10 बजे उसके भाई रवि के दो दोस्त उसके पास पहुंचे और बताया कि रवि गली नंबर दो के बाहर सड़क पर खून से लथपथ पड़ा हुआ है। यह सुनते ही वह परिजनों के साथ तुरंत मौके पर पहुंचा। रवि के सिर में गहरी चोट थी और वह बेसूध खून से लथपथ हालत में पड़ा हुआ था। उसने आरोप लगाया कि उसके भाई रवि पर कुछ युवकों ने डंडों या किसी भारी वस्तु से बेरहमी से वार किया है। मौके पर डायल 112 की टीम भी मौजूद थी। इसके बाद रवि को सिविल अस्पताल यमुनानगर पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

# अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी

- आरोपी पर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर अश्लील वीडियो बनाने का आरोप
- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-15 निवासी एक व्यक्ति ने ऋषभ पांडव पर उसकी अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 15 निवासी एक व्यक्ति ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी ऋषभ पांडव के साथ जान पहचान थी। 12 अप्रैल को आरोपी उसे पुराना सहारनपुर रोड स्थित सागर प्लाईवुड फैक्ट्री के पास मिला। इस दौरान आरोपी ने उसे बातों में उलझा कर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया। इसके बाद वह बेसुध हो गया। इस दौरान आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करने लगा। आरोपी ने उसे पैसों की मांग की मगर उसने आरोपी को पैसे देने से मना कर दिया। इसके बाद भी आरोपी उसे बार-बार ब्लैकमेल करता रहा। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ शहर जगाधरी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### विशेष लोक अदालत में आपसी सहमति से किया जाता मामलों का निपटारा

**कुरुक्षेत्र।** विशेष लोक अदालत 2026 के आयोजन के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय को सरल, सुलभ एवं आमजन के निकट लाने के उद्देश्य से वर्ष 2026 में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण अभियान 21 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होकर 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को आयोजित विशेष लोक अदालत के साथ संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि इस विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में किया जाएगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का निपटारा आपसी सहमति, सुलह एवं संवाद के माध्यम से किया जाएगा। यह पहल पारंपरिक न्यायिक प्रक्रिया के स्थान पर एक सहयोगात्मक एवं सहभागी न्याय प्रणाली को बढ़ावा देती है, जिसे आम भाषा में जनता की अदालत भी कहा जाता है। इस आयोजन से पूर्व राज्य, जिला एवं तालुका स्तर पर स्थापित मध्यस्थता केंद्रों में सुलह एवं मध्यस्थता बैठकों का आयोजन किया जाएगा, जहां पक्षकारों को आपसी समझौते के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# नपा कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

» प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम मेयर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। निगम कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम मेयर को ज्ञापन सौंपने जाते हुए सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका कर्मचारी संघ के सदस्यों ने अपनी मांगो को लेकर मंगलवार को निगम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम मेयर सुमन बहमनी को ज्ञापन सौंपकर उनकी मांगे जल्द पूरी किए जाने की मांग की।

मंगलवार सुबह नगर पालिका सफाई कर्मचारी संघ से जुड़े नगर निगम के सैकड़ों सफाई कर्मचारी इकाई के उप प्रधान जनक राज के नेतृत्व में निगम कार्यालय के समक्ष पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगो को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। नगर पालिका कर्मचारी संघ के इकाई उप प्रधान जनक राज व सचिव सुभाष आदि कर्मचारी नेताओं ने बताया कि वह अपनी मांगो को लेकर पिछले लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगे जल्द नहीं मानी गई तो वह बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। मौके पर नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई प्रधान पपला, सह सचिव संजीत तिगरा, उप प्रधान रमन, उपप्रधान सनी, सौरण, श्याम लाल, संजय आदि मौजूद थे।

### चोरों ने दुकान की छत फाड़ कर चुराया हजारों रुपये का सामान

**यमुनानगर।** गांव बलाचौर स्थित करियाना दुकान की छत फाड़कर चोरों ने हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपी लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव बलाचौर निवासी रोशन पाल ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के पास ही करियाना की दुकान है। तीन मई की रात को वह दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो उसे दुकान में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर दुकान की छत टूटी हुई थी। रोशन पाल ने बताया कि चोरों ने उसकी दुकान से गैस सिलेंडर, 51 सौ रुपये, नमकीन, खाने का सामान, बल्ब की पेटी, ठंडे की बोतले, साबुन, चाय पत्ती, गुटका, तंबाकू, सरसों का तेल, नारियल तेल, मिर्च मसाला, धनिया, जीरा व अन्य सामान चोरी कर लिया। जिसकी कीमत करीब 42 हजार रुपये है। रोशन पाल ने बताया कि जांच के दौरान उसे मालूम हुआ कि उसकी दुकान में चोरी अनिल कुमार व दलजीत ने की है। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

# छात्रों और सिक्योरिटी गार्ड के बीच झड़प

### एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के मुख्य गेट पर काटा बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना



इसराना। कॉलेज के मुख्य गेट पर बवाल काटते छात्र। फोटो : हरिभूमि

इसराना के एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के मुख्य गेट पर आज सुबह सिक्योरिटी गार्ड ओर एमबीबीएस के तृतीय वर्ष के छात्र के बीच उस समय विवाद हो गया जब छात्र के साथ किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। देखते-देखते ही कुछ छात्र गेट पर जुटने लगे ओर छात्रों ने मेडिकल कॉलेज के गेट को बंद करने का प्रयास किया।

इसी को लेकर सिक्योरिटी गार्ड ओर छात्रों में बवाल हो गया। एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में तृतीय वर्ष के एमबीबीएस का छात्र विशाल सुबह गाड़ी लेकर पहुंचा तो गेट पर मौजूद सिक्योरिटी गार्ड ने उसे रोका और पास दिखाने को कहा तो छात्र तैश में आ गया और वह सिक्योरटी गार्ड से उलझ गया। यही नहीं छात्र विशाल ने होस्टल में रह रहे अन्य छात्रों को गेट पर बुला लिया। जिसके बाद देखते ही देखते हुए गेट पर छात्रों की भीड़ जुट गई।

वहीं सूचना मिलने पर कालेज के सुरक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा दोनों पक्षों को समझा कर मामले को शांत कराया। वहीं एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्रिंसिपल मेजर जनरल डॉ. पीके सिंह ने बताया कि मुख्य गेट पर सिक्योरिटी गार्ड ओर एमबीबीएस छात्र के बीच कहासुनी हुई थी। छात्रों व सुरक्षा कर्मी को समझाया गया है अब किसी भी प्रकार का विवाद नहीं है।

### अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, चालक की जान गई

**यमुनानगर।** जगाधरी के मिहिर भोज चौक के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रामनगर कॉलोनी जगाधरी निवासी राहुल ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित गांव मुकारमपुर निवासी गौरव तीन मई को किसी काम से जगाधरी आया था। रात को साढ़े 11 बजे वह वापस घर लौट रहा था तो मिहिर भोज चौक के पास अज्ञात वाहन ने गौरव की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल गौरव को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- जगाधरी के मिहिर भोज चौक के पास हुआ हादसा


पानीपत। योग कराते तहसील प्रभारी बलवान सिंह। फोटो : हरिभूमि

### योग से संभव है बिमारियों से बचाव : बलवान सिंह

**पानीपत।** शहर के राम लाल स्कूल में आज पतंजली योग समिति के तहसील प्रभारी बलवान सिंह ने योग की क्लास ली तथा साधकों को कई प्रकार के योग कराए। बलवान सिंह ने योग साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के व्यस्त व बिगड़े खान-पान की वजह से अधिकतर इंसान बिमारियों की चपेट में हैं। ऐसे में एकमात्र योग ही है जो उनको बिमारियों से बचा सकता है। स्वस्थ्य शरीर व स्वस्थ दिमाग के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर आकाश त्यागी, हरबंस लाल गाबा, प्रेम मनचंदा, नरेश सैनी, कुसुम गर्ग, पुष्पा देवी, बीरमति, कमलेश व पूनम गुलाटी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### कनाड़ा भेजने के नाम पर 30 लाख की ठगी

**बराड़ा।** कनाडा भेजने के नाम पर लुधियाना के बस्ती जोधेवाल के निर्मल वर्मा से 29.74 लाख की ठगी की गई। आरोपियों ने पीड़ित की बेटी, बहन और भतीजे को कनाडा भेजने का झांसा दिया था। आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद पुलिस ने सुनार निर्मल वर्मा की शिकायत पर बराड़ा के संदीप कुमार व उसके पिता जगदीश चंद पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। निर्मल वर्मा ने बताया कि वह सुनार का काम करते हैं। वर्ष 2023 में उनकी मुलाकात आरोपियों से हुई थी। आरोपियों ने खुद को विदेश भेजने का बड़ा एजेंट बताया व परिवार के तीन सदस्यों को कनाडा में सैटल करवाने का भरोसा दिया था। पैसे लेने के बावजूद आरोपियों ने न तो विदेश भेजा और न ही पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज वापस किए और अब धमका रहे हैं।

**समस्या** राहगीर और वाहन चालक परेशान, हर समय हादसे का बना रहता खतरा

# टी-पॉइंट पर बने पुल के नीचे अतिक्रमण से बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

तरावड़ी जीटी रोड के टी-पॉइंट पर बने पुल के नीचे अवैध अतिक्रमण के कारण आमजन और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुल के ठीक मोड़ के नीचे रेहडी-फड़ी लगाकर फल बेचने वाले, मिल्कशेक की रेहड़ी और दूसरी ओर ऑटो व छोटे टेंपो खड़े होने से रास्ता संकरा हो गया है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है।

स्थिति यह है कि पुल के मोड़ पर खड़े इन वाहनों और फड़ियों के कारण सामने से आने वाला वाहन दिखाई नहीं देता, जिससे हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यहां पहले भी एक-दो हादसे हो चुके हैं, जिनमें एक व्यक्ति की जान जा चुकी है। इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।



तरावड़ी। जीटी रोड पुल के नीचे आटो, रेहड़ी व फड़ी वालों ने किया हुआ अतिक्रमण। फोटो : हरिभूमि

#### पुलिस प्रशासन की अनदेखी

*इस मार्ग से रोजाना राईस मिलों से सैकड़ों की संख्या में भारी वाहन, ट्रॉली और कंटेनर गुजरते हैं। ऐसे में जरा सी लापरवाही बड़ा हादसा बन सकती है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन की अनदेखी के चलते यह अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है।*

#### थ्री-व्हीलर घेर लेते हैं आधा रास्ता

राहगीरों का कहना है कि जब लोग फल या अन्य सामान खरीदने के लिए सड़क किनारे रुकते हैं या सड़क पार करते हैं, तो उन्हें सामने से आने वाले वाहन का अंदाजा नहीं लग पाता। इसी कारण कई बार लोग अचानक वाहनों की चपेट में आने से बाल-बाल बचते हैं। दूसरी ओर, पुल के नीचे दोनों तरफ खड़े ऑटो और थ्री-व्हीलर आधा रास्ता घेर लेते हैं, जिससे जाम जैसी स्थिति बन जाती है।

#### अवैध अतिक्रमण हटाया जाए

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पुल के नीचे से जल्द से जल्द अवैध अतिक्रमण हटाया जाए और वहां नियमित निगरानी रखी जाए, ताकि यातायात सुचारू हो सके और भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## साफ-सफाई बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण

### न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में डीवॉर्मिंग ड्राइव, विद्यार्थियों को दी गईं एल्बेंडाजोल की गोलियां

# छात्र-छात्राओं को बताया स्वच्छता और संतुलित आहार का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में डीवॉर्मिंग ड्राइव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल की गोलियां दी गईं। जिससे बच्चों को पेट के कीड़ों से बचाव सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सीएमओ डॉ. सुशीला सैनी ने भाग लिया। वहीं, मौके पर डिप्टी सीएमओ संजय राठी, जिला किशोर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीषा व शिक्षा विभाग से उमेश अरोड़ा मौजूद रहे। सीएमओ डॉ. सुशीला सैनी ने विद्यार्थियों को स्वच्छता, हाथ धोने की आदत, साफ-सफाई बनाए रखने और संतुलित आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से कृमिनाशक दवा लेने से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सुधार होता है तथा उनकी पढ़ाई पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य संबंधी अभियान बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

स्वस्थ शरीर ही बेहतर शिक्षा का आधार है। हम इस पहल के लिए स्वास्थ्य विभाग के आभारी हैं। जिन्होंने हमारे विद्यालय को इस अभियान के शुभारंभ के लिए चुना है। विद्यालय के चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि डीवार्मिंग जैसे कार्यक्रम बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह केवल एक स्वास्थ्य अभियान नहीं है। बल्कि बच्चों के बेहतर भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम है। हमें मिलकर ऐसे प्रयासों को सफल बनाना चाहिए।


यमुनानगर। न्यू हैप्पी स्कूल सुढैल में बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां वितरित करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

## सरकारी स्कूलों में चला कृमि मुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

आशा वर्करों की ओर से मंगलवार को सभी सरकारी स्कूलों में बच्चों को कृमि मुक्ति अभियान के तहत एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई गई। इस अवसर पर आशा वर्कर प्रीति रानी व दुर्गेश शर्मा ने कहा कि यह दवा पेट के कीड़ों को खत्म करती है, जिससे बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होता है। स्कूल में शिक्षकों की निगरानी में 1 से 19 साल तक के बच्चों को उम्र के अनुसार आधी या पूरी गोली चबाकर खिलाई गई। आशा वर्कर ने बच्चों को समझाया कि साफ-सफाई रखने व नंगे पैर न चलने से कीड़ों से बचाव होता है। इस अभियान का मकसद बच्चों में खून की कमी, कुपोषण व पेट दर्द की समस्या को कम करना है। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की।


रादौर। सरकारी स्कूल में बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली देती आशा वर्कर।

## खबर संक्षेप



### मकानों का ब्यौरा किया जा रहा एकत्र : कांबोज

रादौर। रादौर कस्बा में जनगणना का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इस दौरान कर्मचारी घर घर जाकर मकानों व संस्थानों का ब्यौरा जुटा रहे हैं। उक्त जानकारी नगरपालिका रादौर के बिल्डिंग इंस्पेक्टर आदित्य कांबोज ने दी। नगरपालिका रादौर के बिल्डिंग इंस्पेक्टर आदित्य कांबोज ने बताया कि पहले फेस के तहत रादौर के सभी मकानों व अन्य भवनो का पूरा ब्यौरा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय दायित्व है। इसी के आधार पर देश के विकास की नीतियां और संसाधनों का वितरण तय होता है। किसी भी तकनीकी समस्या या कठिनाई के लिए नागरिक अपने संबंधित तहसीलदार या पर्यवेक्षक से संपर्क कर सकते हैं। विभाग ने इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 1855 भी जारी किया है। जहां शिकायतों का निवारण किया जाएगा।

### रोटरी यमुनानगर ने नगर निगम को सौंपे कपड़े के 100 थैले

# पॉलीथिन मुक्त ट्विन सिटी : हम आप आएंगे साथ, तभी बनेगी बात

### शहर को पॉलीथिन मुक्त बनाने को जनभागीदारी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्विन सिटी को साफ, स्वच्छ, प्रतिबंधित पॉलिथीन मुक्त व प्रदूषण मुक्त बनाने को लेकर नगर निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं। नगर निगम के इन कार्यों में अनेक सामाजिक संस्थाएं भी सहयोग कर रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को ट्विन सिटी को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए रोटरी यमुनानगर द्वारा नगर निगम को कपड़े के सौ थैले भेंट किए गए। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने शहर को पॉलिथीन मुक्त बनाने में निगम का सहयोग करने के लिए रोटरी यमुनानगर के सदस्यों की सराहना की।

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि ट्विन सिटी को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने रोटरी यमुनानगर के सदस्यों द्वारा निगम के अभियान में सहयोग करने के लिए उनकी सराहना करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ और पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए जनभागीदारी बेहद जरूरी है। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि जब तक आम नागरिक और सामाजिक संगठन मिलकर काम नहीं करेंगे तब तक स्थायी परिवर्तन संभव नहीं है। कपड़े के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देकर ही हम पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे बाजार जाते समय अपने साथ कपड़े का थैला लेकर जाएं और पॉलिथीन का उपयोग पूरी तरह से बंद करें। नगर निगम द्वारा भी समय-समय पर पॉलिथीन के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि नगर निगम और सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त प्रयासों से यमुनानगर जगाधरी को स्वच्छए सुंदर और पॉलिथीन मुक्त शहर बनाया जाएगा। मौके पर नगर निगम के कार्यकारी अधिकारी जरनैल सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल, सोशल मीडिया इंचार्ज मुक्ता, रोटरी यमुनानगर के खजांची आशीष लूथरा, संयुक्त सचिव विक्रम बाली व संदीप बजाज आदि मौजूद रहें।


यमुनानगर के निगम कार्यालय में निगम अधिकारियों को कपड़े के थैले भेंट करते हुए रोटरी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## मंधार में केक काटकर मनाया पूर्व सीएम मनोहर लाल का जन्मदिन

रादौर। वरिष्ठ भाजपा नेता मास्टर सतपाल कांबोज के नेतृत्व में मंगलवार को गांव मंधार में केक काटकर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने केक काटकर पूर्व मुख्यमंत्री की लंबी आयु व स्वस्थ जीवन की कामना की। मास्टर सतपाल कांबोज मंधार ने कहा कि मनोहरलाल के कार्यकाल में युवाओं को निष्पक्ष तौर पर नौकरियां दी गई। बीपीएल कार्ड सेवाएं आयुष्मान सेवा जाति के आधार पर बनाए जाने की बजाय आर्थिक तौर पर सभी जातियों के लोगों के बनाए गए। क्योकि गरीब लोग हर जाति में होते हैं। मनोहर सरकार ने प्रदेश में वृद्धो की पैंशन सम्मान बढ़ाने का काम किया। वहीं मनोहर सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने का काम किया। भाजपा सरकार ने हर जाति के लोगों के लिए कार्य किया है। मनोहरलाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए सेवाभाव से जनता के कार्य किए हैं। मौके पर राजीव आर्य सन्नी, यशपाल, चंद्रपाल, अशोक कुमार, कृष्ण देव, जितेंद्र व कुलदीप सिंह आदि मौजूद थे।


यमुनानगर। ऊंचा चांदना गांव में आयोजित हवन-यज्ञ में आहुति अर्पित करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। फोटो : हरिभूमि

## ऊंचा चांदना में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर हवन किया

रादौर। केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में उपमंडल रादौर के गांव ऊंचा चांदना शिव मंदिर में भव्य हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस हवन यज्ञ में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याणए मत्स्य व पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने आहुति डालकर केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री के लम्बे जीवन की कामना की और उन्हें जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा की राजनीति में सादगी, पारदर्शिता और जनसेवा का पर्याय बन चुके मनोहर लाल का जीवन संघर्ष, अनुशासन और समर्पण के साथ एक साधारण परिवार में हुआ। अपने दृढ़ संकल्प और संगठनात्मक क्षमता के बल पर वे देश के प्रमुख नेताओं में शामिल हुए। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में वर्षों तक सेवा देते हुए समाज के विभिन्न वर्गों के साथ गहरा जुड़ाव बनाया। लंबे समय तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रहे। जिसका प्रभाव उनके जीवन में आज भी दिखाई देता है। मनोहर लाल खट्टर का जीवन इस बात का प्रमाण है कि ईमानदारी, सादगी और समर्पण के साथ भी राजनीति में उच्चतम स्थान प्राप्त किया जा सकता है। उनका व्यक्तित्व न केवल एक सफल राजनेता का है। बल्कि एक ऐसे कर्मयोगी का भी है जिसने अपने जीवन को समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए समर्पित किया। उनकी जीवन यात्रा आज के युवाओं और समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा है कि यदि नियत साफ हो और लक्ष्य स्पष्ट है तो कोई भी ऊँचाई असंभव नहीं है। प्रदेश के हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं में केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री का विशेष योगदान रहा है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल प्रशासनिक सुधारों और पारदर्शिता के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। उन्होंने सरकारी व्यवस्था को डिजिटल और जवाबदेह बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उनके नेतृत्व में सीएम विंडो जैसी पहल ने आम जनता को सीधे अपनी शिकायत सरकार तक पहुंचाने का माध्यम दिया। यह कदम प्रशासन और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित हुआ।


यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के रिसाइकल वाहन को आवश्यक सामान देते स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

# बच्चों के छोटे प्रयासों से बड़ा बदलाव संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर में हरियाणा सरकार एवं म्युनिसिपल कॉरपोरेशन यमुनानगर के तत्वावधान में नई सोच नया शहर पहल के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन एवं पुनः उपयोग के महत्व के प्रति जागरूक करना था। अभियान के तहत विद्यार्थी अपने घरों से ऐसे अनेक उपयोगी सामान एकत्रित कर लाए जिनका वे अब उपयोग नहीं कर रहे थे। जैसे पानी की बोतलें, टिफिन, कटलरी, कपड़े, जूते, किताबें, स्टेशनरी सामग्री, नई कॉपियां एवं अन्य उपयोगी वस्तुएं। इन सभी वस्तुओं को म्युनिसिपल कॉरपोरेशन यमुनानगर के रिसाइकल वाहन को सौंपा गया जो इन वस्तुओं को पुनः उपयोग के लिए जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाएगा। सुश्री अभिश्रुति (सीएमजीजीए चीफ मिनिस्टर गुड गवर्नन्स एसोसिएट), सेनिटेशन इंस्पेक्टर गोविंद व आकाश कुमार ने विद्यार्थियों की इस पहल की प्रशंसा करते हुए उन्हें स्वच्छता अभियान में भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

### स्वच्छता, पोषण एवं सेहत के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

रादौर। जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज के यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से मंगलवार को कृमिनाशक टैबलेट्स वितरित की गई। सिविल अस्पताल रादौर के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा आंतों के कीड़ों से होने वाली बीमारियों की रोकथाम करना था।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को स्वच्छता, पोषण एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं सभी विद्यार्थियों को कृमि नाशक दवाइयाँ वितरित की गईं और उनके सेवन के सही तरीके के बारे में भी अवगत कराया गया। कॉलेज के निदेशक डॉ.विवेक शर्मा ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी और सिविल अस्पताल की टीम के प्रयासों की प्रशंसा की। सोसाइटी की प्रभारी डॉ.नीति सखूजा ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# हजारों रुपये की हेरोइन के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

- जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने की कार्रवाई, तस्कर के कब्जे से 40 ग्राम हेरोइन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव खिजरी के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सेल की टीम में तैनात एएसआई कर्मवीर ने प्रताप नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह सोमवार को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि गांव खिजरी के पास एक युवक नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 40 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान पुराना बांस मोहल्ला प्रताप नगर निवासी कमल उर्फ अमन के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## अवैध हथियार संग युवक काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सीआईए वन पुलिस टीम ने नहर पुल नागल के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देसी कट्टा व जिंदा राउंड बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार सीआईए वन पुलिस टीम में तैनात पुनीत कुमार ने बताया कि वह सोमवार शाम पांच बजे टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि नहर पुल नागल के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक देसी कट्टा व एक जिंदा राउंड बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान सावेज के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।


यमुनानगर। गांव छारी में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता का पहलवानों का हाथ मिलवाकर शुभारंभ करते सरपंच पवन कुमार व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## नशे से दूर रहें युवा, खेलों में हिस्सा लेकर करें देश का नाम रोशन

रादौर। ग्राम पंचायत छारी द्वारा युवाओं को नशा जैसी लत से दूर रहकर खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से गांव छारी में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। गांव छारी के सरपंच पवन कुमार नंबरदार ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान पहलवान संजीव कांबोज अलाहर ने कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवानों की हत्थाजोड़ी करवाकर उनका हौंसला बढ़ाया। सरपंच पवन कुमार नंबरदार ने बताया कि कुश्ती प्रतियोगिता में स्थानीय व आसपास के गांव के पहलवानों ने कुश्ती में अपने जौहर दिखाए। इस दौरान कुश्ती जीतने वाले पहलवानों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि गांव व क्षेत्र में फैल रहे नशे को लेकर पंचायत गांव में समय समय पर कुश्ती, क्रिकेट, खो खो समेत अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन कर युवाओं को खेलो की ओर आकर्षित कर रही है। जिससे युवा नशे से दूर रहकर खेलो के क्षेत्र में अपना व गांव का नाम रोशन कर सकें। खेलों से युवा अपना भविष्य भी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज समाज में कुछ युवा वर्ग नशा जैसी बुराई में लिप्त हो गए हैं। जिन्हें इस बुराई से बचाना बेहद जरुरी है। उन्होंने युवाओं को नशा जैसी बुराई से दूर रहकर खेलों में भाग लेकर अपना और अपने परिवार व समाज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

### नई सोच, नया शहर, स्वच्छ हरियाणा अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरूक

# कचरे का पृथक्करण स्वच्छता की दिशा में अहम कदम: कुमार

### गीले कचरे से घर पर ही कम्पोस्ट खाद बनाने की सरल प्रक्रिया भी समझाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर द्वारा चलाए जा रहे नई सोच, नया शहर स्वच्छ हरियाणा अभियान के तहत यमुनानगर के वार्ड नंबर 10 स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की टीम के आईईसी एक्सपर्ट आकाश कुमार, सफाई निरीक्षक बिट्टू सिंह व सफाई निरीक्षक सतबीर सिंह ने छात्राओं को कचरे के सही निपटान की जानकारी दी।

स्वच्छ भारत मिशन(शहरी) की टीम के आईईसी एक्सपर्ट आकाश कुमार ने कहा कि निगमायुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उदेश्य छात्राओं में स्वच्छता की आदत विकसित करना और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदार बनाना रहा।

उन्होंने बताया कि कचरे का स्त्रोत पर ही पृथक्करण यानी गीले और सूखे कचरे को अलग अलग रखना स्वच्छता की दिशा में सबसे अहम कदम है। इससे न केवल कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान संभव होता है, बल्कि पर्यावरण प्रदूषण भी काफी हद तक कम किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन के बारे में भी जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि घरों में प्लास्टिक वेस्ट को अलग एकत्रित कर बोतलों में भरकर रखा जाए और बाद में नगर निगम की आरआरआर (रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल) गाड़ी में जमा कराया जाए। ताकि उसे पुनः उपयोग में लाया जा सके।

इसके अलावा छात्राओं को गीले कचरे से घर पर ही कम्पोस्ट खाद बनाने की सरल प्रक्रिया भी समझाई गई। टीम ने बताया कि कम्पोस्टिंग से कचरे को उपयोगी संसाधन में बदला जा सकता है। जिससे पौधों के लिए प्राकृतिक खाद तैयार होती है और कचरे की मात्रा भी कम होती है। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।


यमुनानगर। राजकीय कन्या माध्यमिक स्कूल में छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करती निगम की टीम।



लाडवा। नारी सशक्तिकरण प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

# 50 पैनलों से विज्ञान, खेल और समाज में महिलाओं के योगदान की दिखाई झलक

## केयू में नारी शक्ति का उत्सव, सीएम नायब सैनी ने सराहा महिला उपलब्धियों का प्रदर्शन

## नारी सशक्तिकरण के ऐसे आयोजन समाज को देते हैं नई दिशा : मुख्यमंत्री नायब सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में सशक्त नारी, सशक्त समाज, सशक्त राष्ट्र विषय पर सेमिनार एवं प्रदर्शनी का आयोजन के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नारी सशक्तिकरण प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में महिलाओं की उपलब्धियों को सामने लाने का सशक्त माध्यम हैं। प्रदर्शनी में लगभग 50 पैनलों के माध्यम से महिलाओं की विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। इसमें अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान एवं अंतरिक्ष के क्षेत्र में योगदान देने वाली महिला वैज्ञानिकों, हरियाणा के विकास में महिलाओं की भूमिका, तथा ओलंपिक, कॉमनवेल्थ और अन्य प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली महिला खिलाड़ियों की उपलब्धियां प्रमुख रूप से शामिल रहीं। इसके साथ ही भारत रत्न, पद्म भूषण, पद्म विभूषण और पद्मश्री जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से अलंकृत महिलाओं के योगदान को भी प्रदर्शनी में दशार्या गया, जिन्होंने समाज को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### कुलगुरु ने दी शुभकामनाएं

*इसके साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विकास में योगदान देने वाली महिलाओं को भी प्रदर्शनी में शामिल किया गया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने प्रदर्शनी के आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को बधाई दी। लोक सम्पर्क विभाग की उप-निदेशिका डॉ. जिम्मी शर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को प्रदर्शनी में लगे विभिन्न पैनलों में लगी उत्कृष्ट महिलाओं की उपलब्धियों की जानकारी प्रदान की।*

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा, पूर्व विधायक सुभाष सुधा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, कुरुक्षेत्र पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र सिंह गोल्डी, जिला परिषद की अध्यक्ष कंवलजीत कौर, सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमिच, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, डीन आफ कालेजिज प्रो. ब्रजेश साहनी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर. चौधरी, प्रो. अनिता दुआ, डीवीएसीए निदेशक प्रो. विवेक चावला, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, उप-निदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा, डॉ. परमेश कुमार आदि मौजूद रहे।*

### केयू में 55 प्रतिशत छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही

कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि आज आवश्यकता केवल अधिकार देने की नहीं, बल्कि वास्तविक अवसर और भागीदारी सुनिश्चित करने की है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 55 प्रतिशत छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही है और विज्ञान संकाय में लगभग 80 प्रतिशत छात्राएँ हैं, और गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में भी 80 से 90 प्रतिशत हमारी बेटियाँ हैं। यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि प्रतिभा और क्षमता के मामले में महिलाएँ किसी से कम नहीं हैं। अवसर पर पूर्व विधायक सुभाष सुधा, कुरुक्षेत्र पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र सिंह गोल्डी, जिला परिषद की अध्यक्ष कंवलजीत कौर, सरस्वती हेरीटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमिच, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, डीन आफ कालेजिज प्रो. ब्रजेश साहनी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर. चौधरी, प्रो. अनिता दुआ आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों को किया सम्मानित

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में ह्लसशक्त नारी, सशक्त समाज, सशक्त राष्ट्रह्व विषय पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कला उत्सव प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों आराधना टंडन (पंचकूला), अंजनी रेड्डी (हैदराबाद), मीनाक्षी झा बनर्जी (दिल्ली), डॉ. कुसुमलता शर्मा (भोपाल), अनीता रघुवंशी मलिक (दिल्ली), रितु सिंह (दिल्ली), विनय कुमार शर्मा (जयपुर), के.के. गांधी, गौरई शंकर सोनी तथा परदीप नायक को उनकी उत्कृष्ट कलाकृतियों के लिए सम्मानित किया।

### केयू में विकसित होगा एआई केन्द्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में ह्लसशक्त नारी, सशक्त समाज, सशक्त राष्ट्रह्व विषय पर आयोजित सेमिनार में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को और सशक्त किया जाएगा।

*मुख्यमंत्री सैनी ने केंद्रीय ऊर्जा एवं आवासन मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर आयोजित हवन और रक्तदान शिविर में की शिरकत*

# डेंगू मरीजों के लिए फ्री प्लेटलेट्स देने वाला उत्तर भारत का पहला राज्य बना हरियाणा





लाडवा। हवन में आहुति डालते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में डेंगू रोगियों के लिए निःशुल्क सिंगल डोनर प्लेटलेट्स की शुरूआत करने वाला हरियाणा उत्तरी क्षेत्र में पहला राज्य बना है। डेंगू मरीजों को 11 हजार रुपये की प्रतिपूर्ति की जाती है। प्रदेश में कुल 154 ब्लड सेंटर कार्यरत हैं। सरकार ने पिछले वर्ष तय लक्ष्य 3 लाख 30 हजार यूनिट्स ब्लड से बढकर 4 लाख 50 हजार यूनिट से भी अधिक ब्लड एकत्रित किया। केंद्र सरकार से हरियाणा को वर्ष 2024-25 में सबसे अधिक रक्तदान हेतु रक्तदान में उत्कृष्टता के लिए लगातार दूसरे वर्ष पुरस्कार मिला है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को कुरुक्षेत्र के लाडवा में केंद्रीय ऊर्जा एवं आवासन मंत्री श्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के साथ हवन यज्ञ में पूणार्हुति डाली।

### रक्तदाताओं को बैज लगाकर बांटे सर्टिफिकेट

इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने रिबन काटकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया और रक्तदाताओं को बैज लगाकर व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की इस पावन धरा पर केंद्रीय ऊर्जा एवं आवासन मंत्री श्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में आपके बीच आकर मुझे बड़ी खुशी हो रही है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने अपने राजनीतिक और सामाजिक जीवन में हमेशा सेवा, पारदर्शिता और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। आज उनके जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन वास्तव में उनके जीवन मूल्यों को साकार करने का एक श्रेष्ठ प्रयास है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति और हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। रक्तदान इसी भावना का सर्वोच्च उदाहरण है। जब कोई व्यक्ति अपने रक्त का दान करता है तो वह न केवल एक जीवन को बचाता है, बल्कि उस परिवार को भी खुशियों से भर देता है, जो अपने प्रियजन को खोने के कगार पर होता है।

### नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील

मुख्यमंत्री ने युवाओं को अपील करते हुए कहा कि वो नियमित रूप से रक्तदान करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। ऐसे स्वस्थ समाज के निर्माण में आपका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, एसडीम अनुभव मेहता, मीडिया कॉर्डिनेटर तुषार सैनी, चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त, चेयरपर्सन साक्षी खुराना, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, पूनम सैनी, सन्नी कालड़ा, नायब सिंह पटाक माजरा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# प्रदेश को बेसहारा गोवंश से मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 11 पंजीकृत गोशालाओं के लिए 70.24 लाख की चारा अनुदान राशि के चेक किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा





मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश को बेसहारा गौवंश से मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए दो गौ अभ्यारण्यों की स्थापना की गई है। एक जिला पानीपत के गांव नैन और दूसरा जिला हिसार के गांव ढंढुर में बनाया गया है। इनमें शैड, पानी, चारे की व्यवस्था की गई है। इनके लिए 8 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेसहारा गौवंश के पुनर्वास के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में 51 गौशालाओं को शैड बनाने के लिए 10 लाख रुपये प्रति गौशाला अनुदान देने का प्रावधान किया है। इनमें से 21 गौशालाओं में शैड बनाने हेतु अनुदान दिया जा चुका है। इसी तरह पंचगव्य आधारित उत्पादों पर अनुसंधान और विकास के लिए हरियाणा गौवंश अनुसंधान केंद्र सुखदर्शनपुर पंचकूला की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री मंगलवार को कुरुक्षेत्र के लाडवा में श्री कृष्ण गोशाला सोसायटी में गौशाला चारा अनुदान राशि वितरण समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद उपाध्यक्षा श्रीमती सुमन सैनी के साथ गोशाला में गोपूजा की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में लाडवा व थानेसर हल्के की 11 पंजीकृत गोशालाओं के लिए 70 लाख 24 हजार रुपये की चारा अनुदान राशि के चैक वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोशालाओं के लिए चारा अनुदान राशि वितरण समारोह हमारी संस्कृति, हमारी सेवा और समर्पण भावना से जुड़ा हुआ कार्यक्रम है। आज फिर मुझे गौमाता की सेवा का अवसर मिला है। आज की 11 पंजीकृत गोशालाओं के लिए 70 लाख 24 हजार रुपये की चारा अनुदान राशि को मिलाकर वर्ष 2025-26 में पूरे प्रदेश की 619 पंजीकृत गोशालाओं के लिए कुल 228 करोड़ 58 लाख रुपये की चारा अनुदान राशि जारी की जा चुकी है। पंजीकृत गोशालाओं को पिछले सवा 11 वर्षों में 526 करोड़ 45 लाख रुपये की चारा अनुदान राशि दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि वेदों में गाय की महिमा का व्यापक रूप से वर्णन मिलता है।

### गाय में सभी देवी-देवता करते हैं वास

हमारे देश में गाय आदिकाल से ही पूजनीय रही है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, गाय में सभी देवी-देवता निवास करते हैं। गाय को आध्यात्मिक और दिव्य गुणों की स्वामिनी भी कहा गया है। हमारे ग्रंथों और वेदों में कहा जाता है कि देवताओं और असुरों के बीच हुए समुद्र मंथन से निकले 14 रत्नों में से एक कामधेनु गाय थी। गाय के इसी महत्व को देखते हुए धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा गौशालाओं की स्थापना पर बल दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने भी गौशालाओं के विकास, गौवंश संरक्षण और प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वर्ष 2026-27 के बजट में 7 नए राजकीय पशु औषधालय खोलने का प्रावधान किया है। इनमें मुस्नोता, नांगल जाट, शिव गौशाला (मतलौडा), मोर खेड़ी, बलौली, दहिमन, गौ-अभ्यारण (नैन) शामिल हैं। इसके अलावा कारी आद्, दूंढ़वा, मोहम्मदपुर अहीर व ममरिया आसमपुर में 4 नए राजकीय पशु चिकित्सालय खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 तक हरियाणा में 215 पंजीकृत गौशालाओं में केवल 1 लाख 75 हजार गौवंश था, लेकिन इस समय राज्य में 697 पंजीकृत गौशालाएं हैं। इनमें लगभग 4 लाख से अधिक बेसहारा गौवंश का पालन-पोषण हो रहा है। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, सीएम मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, चेयरमैन श्रवण गर्ग, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेंदर सिंह गोल्डी, चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, चेयरपर्सन साक्षी खुराना, गौशाला प्रधान देशराज गोयल, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, पूनम सैनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### 8 जून को प्रदेश में भव्य सोमनाथ यात्रा निकालने की घोषणा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि 8 जून, 2026 को प्रदेश से भव्य सोमनाथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। सोमनाथ मंदिर हमारी अखंड आस्था, सांस्कृतिक धरोहर और आत्मसम्मान के पुनर्जागरण का प्रतीक है। भारत की सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक भगवान श्री सोमनाथ महादेव ज्योतिर्लिंग की पावन भूमि के प्रति गहरी श्रद्धा और आस्था है। भारत सरकार द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व - 1000 वर्ष की अखंड आस्था के अंतर्गत 11 जनवरी, 2027 तक एक वर्षव्यापी राष्ट्रीय स्मरणोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि तीर्थ यात्राएं धार्मिक कार्यक्रम के साथ-साथ समाज को जोडने का माध्यम होती हैं। यह लोगों को संस्कारों से और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोडने का सशक्त माध्यम होती हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन के लिए अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत श्री आनंदपुर साहिब- श्री फतेहगढ़ साहिब-श्री चमकौर साहिब-फिरोजपुर अमृतसर- खटकड़ कलां कलानौर-पटियाला विरासत सर्किट के विकास को मंजूरी दी है।

# सरबत दा भला निःशुल्क महिला सिलाई एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स के लिए दाखिले शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट रजिस्टर्ड की जिला कुरुक्षेत्र इकाई एवं जिला रेड क्रॉस समिति, कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वाधान में रेड क्रॉस भवन, कुरुक्षेत्र में जरूरतमंद महिलाओं के लिए संचालित निःशुल्क सिलाई एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में दाखिले के लिए रजिस्ट्रेशन आरंभ हो चुका है और कुछ ही सीट शेष बची हैं। ट्रस्ट के जिला प्रधान गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि मानवता प्रेमी ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्ट्री डॉ. एस पी सिंह ओबेरॉय (दुबई) के उद्यम एवं कुशल नेतृत्व, राष्ट्रीय प्रधान स. जस्सा सिंह के मार्गदर्शन एवं शिक्षा निदेशिका डॉ. इंद्रजीत कौर गिल के सुयोग्य निर्देशन में संचालित यह दोनों कोर्स छह-छह महीने के हैं। सिलाई प्रशिक्षण कोर्स में वे महिलाएं दाखिला ले सकती हैं जो थोड़ा बहुत हिंदी पढ़ना लिखना जानती हैं। कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए महिला को 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। दोनों कोर्सों के लिए कक्षाएं 10 मई से आरंभ होंगी। जिला महासचिव सूबेदार रविंद्र कौशिक ने बताया कि प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रशिक्षणार्थियों को ट्रस्ट की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला वरिष्ठ उप प्रधान कैप्टन गुरमेल सिंह ने बताया कि ट्रस्ट आई ऐस ओ सर्टिफाइड है और इसका प्रशिक्षण सर्टिफिकेट सरकारी व प्राइवेट नौकरियों में पूर्णतया मान्य है।



## गुरुकुल कुरुक्षेत्र ने ज्योति विद्या मंदिर में लगाया युवा निर्माण शिविर

**कुरुक्षेत्र।** गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्यश्री देवव्रत‍ी प्रेरणा से वेद प्रचार विभाग, गुरुकुल कुरुक्षेत्र द्वारा ज्योतिसर के ज्योति विद्या मंदिर सेकेण्डरी स्कूल में सात दिवसीय योग एवं जीवन निर्माण शिविर लगाया गया जिसका मंगलवार को भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर वेद प्रचार अधिष्ठाता रामनिवास आर्य मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिनका विद्यालय के निदेशक नितीश भारद्वाज एवं प्राचार्य केवल शर्मा ने बुके देकर जोरदार स्वागत किया। वेद प्रचार विभाग के वरिष्ठ भजनोपदेशक महाशय जयपाल आर्य, विशाल आर्य जयराम आर्य, जगदीश आर्य, विद्यालय के अध्यापक अनिल कुमार, सोमनाथ, अन्नू, सुनीता, आशा, काजल, प्रियंका, अर्चना, हेमलता, बबीता, रानी और गीता मैडम भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# बंगाल में भाजपा की जीत जनता के विश्वास का परिणाम: प्रिंस मंगला

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी में लड्डू खिलाकर मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



भगवान परशुराम चौंक पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकतार्ओं ने बंगाल, असम एवं पांडुचेरी में मिली जीत की खुशी में एक-दूसरे को जलेबी व लड्डू खिलाकर जश्न मनाया और खुशी साझा की। तीनों राज्यों में मिली भाजपा की जीत की खुशी में नगरपालिका के चेयरमैन आशीष चक्रपाणि, मार्किट कमेटी के चेयरमैन तरणदीप वड़ेच, जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला, वरिष्ठ नेता युधिष्ठिर बहल, रामधारी शर्मा, तुलसी वर्मा, बाखली मंडल अध्यक्ष सुखबीर इस्हाक, सरसा मंडल अध्यक्ष बाबू राम रुआ, मंडल महामंत्री गुलशन शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष गीता शर्मा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर व बधाई दी। पश्चिम बंगाल में पहली बार मिली जीत पर खुशी जताते हुए मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला ने कहा कि यह जनता के विश्वास और पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि असम और पुंडुचेरी में मिली सफलता से भाजपा की नीतियों पर देशभर में भरोसा बढ़ा है।



## भगवान के चरणों में जितना समय बीत जाए, उतना अच्छा : अरूण मिश्रा

**कुरुक्षेत्र।** शास्त्री नगर सेवा समिति द्वारा हरिओम मंदिर शास्त्री नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास पंडित अरूण मिश्रा ने कहा कि संसार में भगवान कृष्ण ही सृष्टि के सृजन, पालन और संहार करते हैं। भगवान के चरणों में जितना समय बीत जाए उतना अच्छा है। इस संसार में एक-एक पल बहुत कीमती है। जो बीत गया सो बीत गया। इसलिए जीवन को व्यर्थ में बर्बाद नही करना चाहिए। भगवान द्वारा प्रदान किए गए जीवन को भगवान के साथ और भगवान के सत्संग में ही व्यतीत करना चाहिए। इस मौके पर संकीर्तन मंडली की सदस्यों ने प्रभु महिमा का गुणगान किया। उन्होंने कई मनमोहक भजन प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। पंडित अरूण मिश्रा ने बताया कि 6 मई बुधवार को मंदिर परिसर में सुबह हवन व दोपहर को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सुभाष अरोड़ा, अचला अरोड़ा, पवन गुप्ता, विपिन गुप्ता, आनंद महाजन, विरेंद्र शौरी, बसंत मिड्ढा, मंजू मिड्ढा, सुभाष गुप्ता, जितेंद्र तलवाड़, प्रो. राकेश कुमार, राकेश सुरी, प्रेम शर्मा, विजय अरोड़ा, डा. अनिल कुमार, वेद प्रकाश जेटली, प्रवीण कुमार, मधु गोयल, संजीव सीकरी आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम | छात्राओं को मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य बारे किया जागरूक

# हार्मोन को प्राकृतिक रूप से करें संतुलित : डॉ. रूचि जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र। छात्राओं को संबोधित करते चिकित्सक।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,थानेसर में छात्राओं के लिए डी आर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ रूचि जैन एम.बी.बी.एस., एम.एस., स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ तथा डॉ संजय शर्मा आयुर्वेद विशेषज्ञ एवं एक्सपर्टाइज मेडिकल कैंप ने छात्राओं को मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ रूचि जैन ने छात्राओं को बताया कि शरीर में हार्मोन्स की गड़बड़ी होने से मूड स्विंग, याददाश्त में कमी, सिरदर्द, पाचन संबंधी समस्याएं, थकान, अनिद्रा, गैस, कब्ज, तनाव, चिड़चिड़ापन, अत्यधिक पसीना आना, बाल झड़ना, असमय सफेद होना, अधिक प्यास लगना, अधिक ठंड या गर्मी लगना जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि हार्मोन संतुलन के लिए संतुलित आहार, प्रोटीन, आयरन, विटामिन युक्त भोजन, योग, प्राणायाम, नियमित व्यायाम तथा तनावमुक्त जीवनशैली अत्यंत आवश्यक है। तनाव के कारण कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ता है, जो आगे चलकर मोटापा, अनिद्रा, थकान तथा हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि समय पर जागरूकता और सही उपचार से भविष्य की जटिलताओं से बचा जा सकता है। साथ ही छात्राओं को प्रेरित करते हुए डिप्रेशन, साइकोसिस एवं सिजोफ्रेनिया जैसे रोगों से बचाव के उपाय भी बताए।

### प्रकृति के अनुरूप जीवनशैली अपनाएं

डॉ संजय शर्मा आयुर्वेद विशेषज्ञ ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि स्वस्थ जीवन का आधार केवल दवा नहीं, बल्कि अनुशासित दिनचर्या, सात्विक आहार और सकारात्मक विचार हैं। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि जंक फूड, अनियमित दिनचर्या और तनावपूर्ण आदतों से दूरी बनाकर प्रकृति के अनुरूप जीवनशैली अपनाएं। आयुर्वेद हमें सिखाता है कि यदि पाचन शक्ति, नींद और मन प्रसन्न है तो शरीर स्वतः रोगों से लड़ने में सक्षम बनता है। उन्होंने बताया कि सात्विक भोजन,नियमित योग एवं प्राणायाम जैसे सरल उपाय इम्युनिटी बढ़ाने में अत्यंत प्रभावी हैं। उन्होंने छात्राओं को संदेश दिया कि आज की जागरूक स्वस्थ बेटी ही कल का स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज तैयार करेगी। डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में यह 2095 वां निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी शर्मा ने सभी चिकित्सकों का अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए कहा कि छात्राओं को आज प्राप्त जानकारी उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर प्रेमलता, सुमन गौतम, अंजू यादव, सुषमा, अनीता, प्रीती गर्ग,कविता, कुसुम,पूजा एवं अन्य टीचिंग व नॉन-टीचिंग स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के मामले में महिला काबू

**अंबाला।** विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपये हड़पने के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने ए आरोपी महिला को कोलकता एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। आर्थिक अपराध शाखा निरीक्षक परमवीर ने बताया कि कि शिकायतकर्ता मंदीप सिंह ने शिकायत दी थी कि आरोपी महिला ने नवंबर 2023 से जनवरी 2024 के बीच विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 26 लाख 92 हजार 125 रूपये की रकम हड़प ली। न तो उसे विदेश भेजा और न ही उसके पैसे वापिस किए। पुलिस द्वारा आरोपी महिला की एलओसी जारी करवाई हुई थी। आरोपी महिला विदेश भागने की फिराक में थी। पुलिस ने तकनीकी संसाधनों का इस्तेमाल करते हुए आरोपी महिला को कोलकता एयरपोर्ट से काबू किया है। आरोपी को रिमांड पर लिया गया है।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में आरोपी को सगरानी मोड नारायणगढ़ से काबू किया। सीआईए-नारायणगढ़ टीम के उप निरीक्षक जरनैल सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता अमित ने 26 अप्रैल 2026 को शिकायत दी थी कि मेन मार्केट से आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सचिन निवासी गांव मिर्जापुर को गिरफ्तार कर मोटरसाईकिल बरामद कर ली है।

### शराब तस्करी में चार आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में चार आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लगभग 95 बोतल शराब बरामद की गई है। पुलिस ने सूचना के आधार पर गांव बिहटा में दबिश देकर आरोपी लालचंद को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी से 24 बोतल और 140 पव्वे अवैध शराब बरामद हुई। इसी तरह पुलिस ने सीबीए पार्क के पास से साहिल कुमार नामक युवक को धर दबोचा। उसके पास से 12 बोतल और 6 पव्वे अवैध शराब बरामद की गई। अंबाला शहर की शालीमार कॉलोनी में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अनिल कुमार को 44 पव्वों के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने मंडी मोड़ के पास से आरोपी कमल कुमार को पुलिस ने 11 बोतल शराब सहित काबू किया।

व्यवस्थित प्रचार में भाजपा आगे, कांग्रेसियों को भी जीत के लिए बहाना पड़ रहा पसीना

# नगर निगम चुनाव: प्रचार के आखिरी दौर में भाजपा-कांग्रेस ने ताकत झोंकी



**अंबाला।** चुनाव प्रचार के दौरान जलेबी बनाती भाजपा की मेयर प्रत्याशी अक्षिता सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

बड़े नेताओं के मैदान में आने का हो रहा है इंतजार, सांसद सैलजा ने बनाई प्रचार से दूरी

- भाजपा की ओर से पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम चुनाव के आखिरी दौर में भाजपा_कांग्रेस ने जीत के लिए पूरी ताकत झोंक दी। भाजपा की ओर से प्रचार की कमान खुद पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने संभाली हुई है जबकि कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत के लिए विधायक निर्मल सिंह के अलावा सांसद वरूण चौधरी भी कमान संभाले हुए हैं। हालांकि व्यवस्थित प्रचार के मामले में भाजपा सियासी जमीन पर बेहद मजबूत नजर आ रही है जबकि कांग्रेस के प्रत्याशियों को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है। प्रचार के लिए अब महज तीन दिन का समय बचा है। ऐसे में आने वाले दिनों में दोनों ही दलों के नेता जीत के लिए खूब पसीना बहाते नजर आएंगे।

### सैलजा गुट के प्रत्याशी को टिकट नहीं

नगर निगम चुनाव में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की धुर विरोधी एवं सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने प्रचार से दूरी बनाई हुई है। इस बार निगम चुनाव में सैलजा गुट के किसी भी प्रत्याशी को टिकट नहीं दिया गया है। एक समर्थक को टिकट मिला था लेकिन ऐन मौके पर उसका भी टिकट बदल दिया गया। इसी वजह से सांसद कुमारी सैलजा ने अभी तक प्रचार से पूरी तरह से दूरी बनाई हुई है। माना जा रहा है कि सैलजा निगम चुनाव में कोई नुक्कड़ सभा नहीं करेंगी। हालांकि पंचकुला में सैलजा की ओर से मेयर प्रत्याशी सुधा भारद्वाज के पक्ष में निरंतर प्रचार किया जा रहा है।

### चुनाव से बुनियादी मुद्दे हुए गायब

नगर निगम चुनाव में जनता की जरूरतों से जुड़े बुनियादी मुद्दे पूरी तरह से गायब नजर आ रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी तीन राज्यों की जीत के साथ आईएमटी जैसे मुद्दों पर वोट मांग रहे हैं। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार व एनडीसी के मुद्दों पर वोट की अपील कर रहे हैं। प्रचार के दौरान पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल को भी निशाना बनाया जा रहा है जबकि खुद असीम गोयल कांग्रेस विधायक निर्मल सिंह व सांसद को प्रचार के दौरान निशाने पर ले रहे हैं। दोनों ही दलों के प्रत्याशी वार्डों के विकास के प्लान को लेकर कोई बात करते नजर नहीं आ रहे हैं।

### कांटे की टक्कर

इस बार निगम चुनाव में कोई तीसरा दल न होने की वजह से पहली बार भाजपा_कांग्रेस में कांटे की टक्कर नजर आ रही है। खासकर मेयर प्रत्याशियों को भी जीत के लिए बेहद मेहनत करनी पड़ी रही है। हालांकि तीन राज्यों में मिली प्रचंड जीत के बाद भाजपा के ज्यादातर प्रत्याशियों के हौसले बुलंद हैं। इसी आधार पर भाजपा के ज्यादातर प्रत्याशी अपनी जीत पक्की मानकर चल रहे हैं। तीन राज्यों में मिली जीत का सभी भाजपाई प्रत्याशी खूब प्रचार भी कर रहे हैं। जबकि केरलम में जीत के बावजूद कांग्रेस के प्रत्याशी ज्यादा उत्साहित नहीं दिख रहे हैं। उन्हें चुनावी मैदान में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। फिर भी कोई तीसरा दल न होने की वजह से लगभग सभी वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशी भाजपा को टक्कर देते दिख रहे हैं।

### कांग्रेस के पास बड़े नेताओं का अभाव

अभी तक नगर निगम चुनाव में कांग्रेस के पास बड़े नेताओं का आभाव दिख रहा है। मेयर व सदस्य पद के उम्मीदवारों की जीत के लिए अभी तक कोई भी प्रदेशस्तरीय नेता प्रचार के लिए नहीं आया है। जबकि इस मामले में भाजपा बेहद आगे है। भाजपा प्रत्याशियों की जीत के लिए खुद भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल बेदी प्रचार कर रहे हैं। इसके अलावा भी प्रत्याशियों की जीत के लिए प्रभारी सतीश पुनिया लगातार चुनाव पर नजर रखे हुए हैं। हालांकि प्रचार को धार देने के लिए आने वाले दिनों में कांग्रेस की ओर से पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा के चुनावी मैदान में उतरने की बात कही जा रही है। इसके अलावा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह भी प्रचार के लिए आ सकते हैं।

# सिलेंडर के रेट बढ़ाकर लोगों को लूट रही भाजपा

- आपदा को अवसर बनाकर जेब पर डाका डाल रही सरकार : पूजा



**बराड़ा।** विधायक पूजा चौधरी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में हालिया भारी बढ़ोतरी को लेकर मुलाना की विधायक पूजा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार 'आपदा को अवसर' बनाकर लगातार आम जनता की जेब पर डाका डाल रही है। 1 मई 2026 को 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में करीब ₹993 की भारी वृद्धि की गई है जिससे इसकी कीमत 2,078.50 से बढ़कर 3,071.50 से भी अधिक हो गई है। 7 मार्च 2026 को घरेलू सिलेंडर के दामों में 60 की बढ़ोतरी की गई थी। इसके अलावा, छोटे दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी वालों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 5 किलो फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी 261 की वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले चार महीनों में कमर्शियल सिलेंडर 1,500 से अधिक महंगा हो चुका है, जो सीधे तौर पर छोटे व्यापारियों, ढाबा संचालकों और कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ा रहा है। इसका असर आम जनता की थाली पर पड़ेगा और खाने-पीने की वस्तुएं महंगी होना तय है। विधायक ने आरोप लगाया कि देश पहले ही महंगाई और बेरोजगारी की मार झेल रहा है, ऐसे में यह बढ़ोतरी आग में घी डालने का काम कर रही है। छोटे व्यापारी और मध्यम वर्ग कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं, लेकिन सरकार को जनता की परेशानी से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा जताई गई महंगाई बढ़ने की आशंका अब सच साबित हो रही है। सरकार की नीतियों के कारण आम आदमी का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है और परिवारों के लिए खर्च चलाना मुश्किल होता जा रहा है। विधायक पूजा ने केंद्र सरकार से मांग की कि गैस सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमतों को तुरंत वापस लिया जाए, ताकि आम जनता और छोटे कारोबारियों को राहत मिल सके।

### आईटीआई कैंपस प्लेसमेंट में 116 प्रशिक्षुओं का चयन

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद के परीक्षा सभागार में मंगलवार को आयोजित रोजगार एवं प्लेसमेंट मेले में 116 प्रशिक्षुओं का चयन देश की विभिन्न नामी कंपनियों में किया गया। इस कैंपस ड्राइव का आयोजन संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें युवाओं ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया। संस्थान के प्रधानाचार्य ने जानकारी देते बताया कि मेले में भाग लेने के लिए तकनीकी ट्रेडों के 120 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण करवाया था। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सबसे पहले छात्रों को उनके कार्य प्रोफाइल और कंपनी की नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। जिसके बाद लिखित परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार की प्रक्रिया शुरू हुई। चयन प्रक्रिया के समापन के बाद कुल 116 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया।

# दूध कैंटर को चोरी कर डेढ़ किमी दूर खड़ा कर वाहन में सोया आरोपी

**अंबाला।** अंबाला छावनी में जगाधरी हाईवे पर क्रबिस्तान के बाहर खड़े दूध से भरे टाटा 407 कैंटर की चोरी का अनोखा मामला सामने आया है। चोर कैंटर लेकर भागा जरूर लेकिन वारदात स्थल से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर गाड़ी खड़ी कर उसी में सो गया। कई घंटे की तलाश के बाद कैंटर लावारिस मिलने की सूचना पर पुलिस पहुंची, तो आरोपी अंदर ही सोता मिला। उसे काबू कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बोह गांव के विशाल ने बताया कि उसके पास अमूल दूध की डिस्ट्रीब्यूटरशिप है। रोजाना की तरह उन्होंने अपना टाटा 407 कैंटर अंबाला-जगाधरी हाईवे स्थित क्रबिस्तान के पास खड़ा किया था। मंगलवार सुबह करीब 4 बजे एक चोर कैंटर को लेकर फरार हो गया। घटना का पता चलते ही विशाल ने पुलिस को सूचना दी। खुद भी टोल प्लाजा व अन्य रास्तों पर लगे सीसीटीवी खंगालने शुरू किए। इस दौरान कैंटर में रखी दूध की थैलियों और करीब 200 क्रेट की सप्लाई रुक गई जिससे दुकानदारों में हलचल मच गई।पुलिस ने जब कैंटर की जांच की, तो अंदर आरोपी गहरी नींद में सोता मिला। आरोपी की पहचान बिहटा गांव के टिंकू के रूप में हुई है।

### छात्रों ने रंगों से दर्शाया ईको- टूरिज्म एवं पर्यटन



**अंबाला।** राजकीय महाविद्यालय अंबाला कैंट के पर्यटन विभाग द्वारा बीटीटीएम के विद्यार्थियों के लिए दो रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टूरिज्म फॉर टुमारो विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने सतत पर्यटन, ईको- टूरिज्म व जिम्मेदार पर्यटन को रंगों के माध्यम से दर्शाया। विद्यार्थियों ने माई ड्रीम डेस्टिनेशन विषय पर टूर ब्रोशर मेकिंग प्रतियोगिता में भी भाग लिया। लद्दाख, गोवा, मथुरा - वृन्दावन, केरल जैसे स्थलों पर आकर्षक ब्रोशर बनाकर गंतव्य प्रचार कौशल दिखाया। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य डॉ देशराज बाजवा ने पर्यटन विभाग की प्रोफेसर शिखा भट्ट को बधाई दी। प्राचार्य ने विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। निर्णायक मण्डल की भूमिका डॉ. पूजा गोयल, प्रो. कविता नरवाल, प्रोशेफाली, प्रो. प्रीति, डॉ. तंजुम कांबोज व प्रो. वदना ने निभाई। अंत में प्रतियोगिताओं की आयोजक डॉ. शिरखा भट्ट ने विद्यार्थियों को सुरक्षित व जिम्मेदार पर्यटन की शपथ भी दिलाई ।

# जिप सदस्य पंकज ने ग्राम माजरा में खिलाड़ियों को भेंट की क्रिकेट किट

- खेल युवाओं में विकसित करते हैं मजबूती और अनुशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर



**शहजादपुर।** क्रिकेट किट के साथ खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

जिला परिषद के वार्ड नं 3 से सदस्य पंकज सैनी ने युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए एक सराहनीय कदम उठाया है। उन्होंने गांव माजरा (शहजादपुर) पहुँचकर स्थानीय खिलाड़ियों को क्रिकेट किट भेंट की, ताकि वे अपनी खेल प्रतिभा को और निखार सकें। सैनी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पंकज सैनी ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। खेल न केवल हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक मजबूती और अनुशासन भी सिखाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हार-जीत से ऊपर उठकर खेल को हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। इस अवसर पर खिलाड़ियों के साथ-साथ कई गणमान्य व्यक्ति और बीडीसी सदस्य प्रतिनिधि गौरव गुप्ता,दीपक सैनी,कैप्टन सि वा स , हि मां शु , वि नी त ऑरियन,मोहित सैनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# महिला चिकित्सक पर दो केसों में फर्जी ओपिनियन देने का आरोप

- परिवार ने सीएम से लगाई गुहार, ओपिनियन से परिवार के 19 लोगों पर दर्ज हुआ केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

मलौर गांव के रहने वाले एक परिवार ने सीएचसी चौड़मस्तपुर में तैनात एक चिकित्सक पर दो मामलों में फर्जी मेडिकल ओपिनियन देने के आरोप लगाए हैं। परिवार की ओर से इस सिलसिले में सीएम नायब सैनी के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक व एसपी को भी शिकायत देकर पूरे मामले की जांच का आग्रह किया है। परिवार के मुखिया सलिंद्र कुमार पुत्र जसमेर सिंह की ओर से दी शिकायत में आरोप लगाया गया है कि चिकित्सक के फर्जी ओपिनियन के आधार पर पुलिस ने उसके खिलाफ 19 लोगों के खिलाफ दो झूठे केस दर्ज किए हैं। इन केसों की वजह से उन्हें मानसिक व शारीरिक तौर पर बेहद परेशानी झेलनी पड़ी। सलिंद्र का आरोप है कि पुलिस ने दोनों केसों में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को आरोपी बनाया है।

### आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में हुई एफआईआर

शिकायत में सलिंद्र ने बताया कि उसके व उसके परिवार के 19 लोगों के खिलाफ गांव के ही साहिल पुत्र नाथीराम व उसके चाचा संजय कुमार पुत्र नर सिंह ने दो झूठे केस दर्ज करवाए हुए हैं। इन केसों को दर्ज करवाने में चौड़मस्तपुर सीएचसी में तैनात एक महिला चिकित्सक की अहम भूमिका है। उसने बताया कि साहिल पुत्र नाथीराम ने उसके छोटे भाई श्याम की पत्नी रोमा की की इंस्टाग्राम आईडी से छेड़छाड़ कर अपने साथ उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी। इन फोटो के जरिए उसने कई बार मेरी भाभी को ब्लैकमेल कर उसके साथ दुष्कर्म भी किया। नग्गल पुलिस ने साहिल के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं के तहत एफआईआर नंबर 33 दर्ज की हुई है। इस केस में आरोपी साहिल की अग्रिम जमानत याचिका अदालत ने खारिज हो चुकी है। मगर अभी तक पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है।

# सीआरपीएफ कमांडेंट कमल सिसोदिया ने बांटे जरूरतमंद दिव्यांगों को उपकरण

- व्यक्ति हर स्थिति में प्रसन्नचित ईश्वर के प्रति बने कृतज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



13वीं बटालियन सीआरपीएफ की कमांडेंट कमल सिसोदिया ने संवेदनशीलता और सामाजिक कल्याण की अपनी वैचारिक भावना का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपना जन्मदिन दिव्यांगजनों, बुजुर्गों एवं समाज के वंचित वर्गों के बीच मनाया और उन्हें हर स्थिति में प्रसन्नचित इश्वर के प्रति कृतज्ञ बने रहकर कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने गुलाटी भवन सेक्टर 33 चंडीगढ़ में जरुरतमंदो को व्हीलचेयर, चलने-फिरने में असमर्थ व्यक्तियों के लिए कृत्रिम पैर, दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए एआई आधारित स्मार्ट चश्मे तथा श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए हियरिंग एड के साथ भोजन सामग्री का वितरण किया। इन प्रयासों का उद्देश्य उनकी जरुरतमंदो को आवश्यकतानुसार गतिशीलता, आत्मनिर्भरता, गरिमा और जीवन स्तर में सुधार लाने का है। यह पहल तेरा तेरा फाउंडेशन के सहयोग से संपन्न हुई, जिसके सदस्यों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई और इस पुनीत कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### लोगों को दिए तनावमुक्त जीवन जीने के टिप्स



**बराड़ा।** शैमफोर्ड विद्यालय में शांति एवं सद्भावना अभियान का भव्य और भावनात्मक आयोजन किया गया, जिसने विद्यार्थियों और शिक्षकों के मन में सकारात्मकता की नई रोशनी जगा दी। कार्यक्रम विद्यालय के चेयरमेन इंद्रजीत सिंह एवं प्रधानाचार्या रुबी शर्मा के मार्गदर्शन में ब्रह्मकुमारिज ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सहयोग से आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष रहे, जिनका स्वागत पुष्पगुच्छ देकर विद्यालय परिवार ने बड़े सम्मान और आत्मीयता के साथ किया। उनके साथ बहन नेहा, बहन चेतना, बहन स्वीटी, बहन परवीन, बहन मेघा, बहन मानसा, जसवंत भाई, राकेश भाई सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रातःकालीन सत्र में विद्यार्थियों के लिए तनावमुक्त जीवन विषय पर विशेष चर्चा हुई। संतोष भाई ने अपने सरल, लेकिन गहरे विचारों से विद्यार्थियों को जीवन में सकारात्मक सोच, अनुशासन और आत्मविश्वास का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि हमारे विचार ही हमारी दिशा तय करते हैं।

### सभी दुकानों एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए 10 मई को वेतन सहित अवकाश घोषित: तोमर

**अंबाला।** जिलाधीश अजय सिंह तोमर ने कहा कि श्रम विभाग, द्वारा सूचित हरियाणा के राज्यपाल द्वारा नगर निगम चुनाव-2026 के मद्देनजर 10 मई 2026 (रविवार) को जिले के अधिकार क्षेत्र में आने वाली सभी दुकानों एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए वेतन सहित अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह अवकाश केवल उन श्रमिकों व कर्मचारियों के लिए मान्य होगा जो नगर निगम चुनाव-2026 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु पंजीकृत पात्र मतदाता हैं। जिलाधीश ने सभी दुकानों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान संचालकों को निर्देश दिए कि वे अधिसूचना में जारी प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें ताकि सभी पात्र मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकार का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से प्रयोग कर मतदान कर सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी श्रमिक अथवा कर्मचारी को मतदान करने से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### दिल्ली-जाखल ट्रेन के समय मालगाड़ी को रवाना किया, यात्री परेशान

**जींद।** सोमवार रात को 54035 दिल्ली-जाखल पैसेंजर के निर्धारित समय पर मालगाड़ी को ट्रैक पर चला दिया गया। गाड़ी को आधा घंटा तक वहीं खड़ा रखाख जिससे हालात ऐसे बन गए कि यात्री मच्छरों और गर्मी के बीच परेशान होते नजर आए। दिल्ली-जाखल पैसेंजर सोमवार रात को जींद पहुंची थी। यात्रियों को उम्मीद थी कि गाड़ी निर्धारित समय पर आगे के लिए रवाना होगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। गाड़ी के आने से पहले ही मालगाड़ी को ट्रैक पर रवाना कर दिया गया। जिससे सवारी दिल्ली-जाखल को रोकना पड़ा। इसके बाद दिल्ली से चलकर कुरुक्षेत्र जाने वाली 14023 डीएमयू भी पहुंच गई। उसके आउटर पर पहुंचते ही दिल्ली-जाखल पैसेंजर के चलने की अनाउंसमेंट कर दी और कुछ देर बाद गाड़ी को रवाना कर दिया।

एसडीएम ने शिक्षकों के साथ मीटिंग कर विस्तार से की चर्चा

# विद्यालय में कंप्यूटर व पुस्तकों की हो पर्याप्त उपलब्धता : सिवाच

विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए सुधारात्मक उपायों पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



**बराड़ा।** बैठक में लोगों से जानकारी लेते हुए एसडीएम।

विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में उपमंडल अधिकारी सतिंद्र सिवाच की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय के प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल, विभिन्न विषयों के विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान उपमंडल अधिकारी ने शिक्षकों से उनके विषयों से जुड़ी समस्याओं, सुझावों तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी रणनीतियां तैयार की जाएं और कक्षा में उनकी सहभागिता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही आधुनिक एवं नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया गया। बैठक में सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए स्लोगन लेखन, टेलीग्राफिक्स, ड्राइंग, पेंटिंग एवं कार्ड मेकिंग जैसी प्रतियोगिताओं के नियमित आयोजन के निर्देश दिए गए। इसके अलावा विद्यार्थियों के लिए मोटिवेशनल लेक्चर, योग एवं खेल गतिविधियों को भी नियमित रूप से शामिल करने की बात कही गई। डिजिटल शिक्षा के विस्तार पर बल देते हुए विद्यालय में कंप्यूटर, पुस्तकों एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विज्ञान प्रदर्शनी तथा शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करने पर भी जोर दिया गया, ताकि विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान मिल सके। दाखिला बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार, मैगजीन एवं पंपलेट के माध्यम से जागरूकता फैलाने तथा नियम 134 ए के तहत दाखिले संबंधी जानकारी आमजन तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए।